अजयमेरू कीर्ति

अंचल कार्यालय अजमेर की वार्षिक पत्रिका

वर्ष: 2023-24

यूको बैंक, अंचल कार्यालय, अजमेर

यूको बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
UCO BANK
(A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का
Honours Your Trust

अश्वनी कुमार
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रिय यूकोजन,

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

हिंदी संपूर्ण देश को एकता के सूत्र में पिरोनेवाली और देश की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। अपनी सरलता, वैज्ञानिकता, बोधगम्यता और जीवंतता के कारण यह लोकप्रिय भाषा है। साथ ही एक संपर्क भाषा की भूमिका निभाते हुए यह हमारे विविधतापूर्ण देश को एक सूत्र में बांधती भी है।

सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक होने के नाते अपने रोज़मर्रा के कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग और राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन का दायित्व हम सब का है। चूँकि यह भाषा हमारी भाषिक संस्कृति से पूरी तरह जुड़ी हुई है, अतः हिंदी में मूल कार्य करना बहुत ही आसान है। आप जानते हैं कि हमारा सीधा संबंध जनता से है और हम अपने ग्राहकों का सम्मान करते हुए अपने कारोबार में बने हुए हैं। ग्राहकों से जुड़ाव में भाषा का बहुत महत्व है। इसलिए हमें अपने कारोबार में भाषिक सौहार्द का प्रदर्शन करते हुए हिंदी के साथ-साथ अन्य प्रादेशिक भाषाओं को भी साथ लेकर चलना चाहिए।

मुझे प्रसन्नता है कि आप सभी के निष्ठावान प्रयास एवं परिश्रम से बैंक ने लगातार तीसरी बार भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले सर्वोच्च पुरस्कार 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'- तृतीय प्राप्त कर हैट्रिक लगाई है। बैंक के सभी कार्मिक इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

किसी लक्ष्य को प्राप्त कर लेना महत्वपूर्ण तो होता है लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण होता है उसे बनाए रखना। आप सभी यूकोजनों में अद्भुत ऊर्जा, उत्साह और क्षमता है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी बैंक की लाभप्रदता को निरंतर आगे बढ़ाते हुए बैंकिंग के साथ-साथ राजभाषा को भी सर्वोत्कृष्ट स्तर पर बनाए रखेंगे जिसकी गूंज आने वाले समय में भी गुंजायमान रहेगी।

आइए, आज हिंदी दिवस के अवसर पर यह संकल्प लें कि हम बैंकिंग कारोबार के साथ-साथ राजभाषा के लक्ष्यों को भी प्राप्त करते हुए शिखर पर अपना परचम सदैव फहराए रखेंगे।

पुनः हिंदी दिवस की ढेरों शुभकामनाओं सहित,

(अश्वनी कुमार)

कोलकाता, 14 सितंबर, 2023

** संरक्षक **
श्री महेश ह मौंदेकर
अंचल प्रमुख, अजमेर

** मार्गदर्शन **
श्री दुली चन्द रेगर
उप अंचल प्रमुख, अजमेर

** प्रेरणा **
सुश्री अनीता रानी
मुख्य प्रबंधक
श्री जयप्रकाश झाझड़िया
मुख्य प्रबंधक
श्री राजेंद्र कुमार सैनी
मुख्य प्रबंधक

** विशेष सहयोग **
श्री नारायणलाल भाटी
मुख्य प्रबंधक
श्रीमती कृष्णा राठौड़
मुख्य प्रबंधक

** संपादन एवं रुपांकन **
श्री जितेंद्र कुमार कुंदरेशा
प्रबंधक (राजभाषा)

** संपादक मंडल **
श्री नितिन माहेश्वरी, वरिष्ठ प्रबंधक, वसूली विभाग
श्री विनित जैन, वरिष्ठ प्रबंधक, ऋण विभाग
श्री अमित कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक कार्यनीति और आयोजना विभाग

---------- पत्र व्यवहार ----------

यूको बैंक, अंचल कार्यालय, अजमेर
प्लॉट न. सी-113 & सी-114, बी के कौल नगर, अजमेर (राज.) – 305001
फोन नं. – 0145-2622660, ई मेंल – zo.ajmer@ucobank.co.in

अमित शाह
गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

सत्यमेव जयते



प्रिय देशवासियो!

आप सब को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

भारत भाषिक विविधता का देश रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भाषिक विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का नाम **'हिंदी'** है। हिंदी भाषा अपनी प्रवृत्ति से ही इतनी जनतांत्रिक रही है कि इसने भारतीय भाषाओं और बोलियों के साथ–साथ कई वैश्विक भाषाओं को यथोचित सम्मान देते हुए उनकी शब्दावलियों, पदों, वाक्य विन्यासों और वैयाकरणिक नियमों को आत्मसात किया है।

हिंदी भाषा ने स्वतंत्रता आन्दोलन के मुश्किल दिनों में देश को एकता के सूत्र में बाँधने का अभूतपूर्व कार्य किया। अनेक भाषाओं और बोलियों में बँटे देश में ऐक्य भावना से पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक स्वतंत्रता की लड़ाई को आगे बढ़ाने में संवाद भाषा हिंदी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। इसीलिए, लोकमान्य तिलक हों, महात्मा गांधी हों, लाला लाजपत राय हों, नेताजी सुभाषचंद्र बोस हों, राजगोपालाचारी हों; हिंदी के शुरुआती पैरवीकारों में बहुसंख्यक उन प्रदेशों के लोग थे, जिनकी मातृभाषाएँ हिंदी नहीं थीं।

किसी भी देश की मौलिक सोच और सृजनात्मक अभिव्यक्ति सही मायनों में सिर्फ उस देश की अपनी भाषा में ही की जा सकती है। प्रसिद्ध साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चन्द्र ने लिखा है कि, **"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति कौ मूल।"** यानि कि, अपनी भाषा की उन्नति ही सभी प्रकार की उन्नति का मूल है। राष्ट्र की पहचान इस बात से भी होती है कि उसने अपनी भाषा को किस सीमा तक मजबूत, व्यापक एवं समृद्ध बनाया है। यही कारण है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 343 द्वारा संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी और लिपि के रूप में देवनागरी को अपनाया।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय भाषाओं को राष्ट्रीय से वैश्विक मंचों तक यथोचित सम्मान मिला है। हमारी सभी भारतीय भाषाएँ और बोलियाँ हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं।

अपनी भाषा में सुनी हुई अवांछनीय बातें भी बहुत बुरी नहीं लगती। कवि **विद्यापति** की शब्दावली में कहूँ तो **'देसिल बयना सब जन मिट्ठा'** यानि देशी भाषा सभी जनों को मीठी लगती है। गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग निरंतर प्रयत्नशील है कि शहद सामान मीठी भारतीय भाषाओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अत्याधुनिक और वैज्ञानिक प्रयोग के अनुकूल उपयोगी बनाया जा सके।

सरकार और जनता के बीच भारतीय भाषाओं में संवाद स्थापित कर जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी तौर पर लागू किया जा सकता है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र जन–जन तक उनकी ही भाषा में उनके हित की बात पहुँचाकर आदर्श लोकतंत्र के निर्माण का सबसे अच्छा उदाहरण हो सकता है। राजभाषा विभाग ने इसी उद्देश्य से राजभाषा हिंदी के प्रयोग को सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सहज बनाने की दिशा में काम करते हुए स्मृति आधारित अनुवाद प्रणाली **'कंठस्थ'** का निर्माण और विकास किया है। फिजी में संपन्न 'विश्व हिंदी सम्मेलन' में **'न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन'** के साथ इसके नए वर्जन (कंठस्थ 2.0) के मोबाइल ऐप का भी लोकार्पण भी किया गया है।

राजभाषा विभाग की एक नई पहल **'हिंदी शब्द सिंधु'** शब्दकोश का निर्माण है। इस शब्दकोश में संविधान की 8वीं अनुसूची में अधिसूचित भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल कर इसे निरंतर समृद्ध किया जा रहा है। साथ ही, विभाग ने **'लीला हिंदी प्रवाह'** मोबाइल ऐप भी तैयार किया है, जिसे अपनाकर विभिन्न भाषा–भाषी 14 भारतीय भाषाओं के माध्यम से अपनी–अपनी मातृभाषाओं से स्तरीय हिंदी निःशुल्क सीख सकते हैं।

भाषा परिवर्तन का सिद्धांत यह कहता है कि भाषा जटिलता से सरलता की ओर जाती है। मेरे विचार से हिंदी के सरल और सुस्पष्ट शब्दों को कार्यालयी कामकाज में प्रयोग में लाना चाहिए। टिप्पणी, पत्राचार, ई–मेल, विज्ञप्ति आदि के लिए आम बोलचाल के शब्दों व वाक्यों के प्रयोग से हिंदी के प्रयोग का चलन बढ़ेगा।

हमारे लिए हिंदी का प्रश्न सिर्फ एक भाषा का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान व सांस्कृतिक गौरव का विषय है। मुझे विश्वास है कि राजभाषा विभाग के उपरोक्त प्रयासों से सभी मातृभाषाओं को आत्मसात करते हुए लोकसम्मत भाषा हिंदी विज्ञानसम्मत व तकनीकसम्मत होकर संपन्न राजभाषा के रूप में स्थापित होगी।

पुनश्च, आप सब को हिंदी दिवस की अनंत शुभकामनाएं।

नई दिल्ली,
14 सितंबर, 2023

(अमित शाह)

** विषय सूची **

क्र.सं.	शीर्षक
1.	अंचल प्रबन्धक का संदेश
2.	उप अंचल प्रबन्धक का मार्गदर्शन
3.	महिला जागृति मंच, अजमेर में वित्तीय साक्षरता सत्र का आयोजन
4.	विशाल जन सुरक्षा शिविर
5.	योग दिवस का आयोजन
6.	स्वतंत्रता दिवस का आयोजन
7.	भाषा सौहार्द स्वरूप – हिंदी दिवस का आयोजन
8.	विशाल स्वयं सहायता समूह ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन
9.	बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर की अर्द्धवार्षिक बैठक
10.	गौरवपूर्ण पल- नराकास का प्रथम पुरस्कार
11.	सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन
12.	यूको बैंक का 82 वां स्थापना दिवस
13.	अंचल कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन
14.	आलेख- हिंदी: एक पहचान
15.	आलेख- ऋण निगरानी: एक आवश्यक मानक
16.	आलेख - बैंकिंग और साइबर सुरक्षा
17.	कविता- जिंदगी
18.	आलेख- डिजिटल इंडिया
19.	आलेख- भ्रष्टाचार को ना कहो
20.	एक परिचय- महाकवि कन्हैयालाल सेठिया
21.	भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित बैंकिग-शब्दावली
22.	राजभाषा नीति संबंधी महत्वपूर्ण निदेशः संक्षेप में
23.	हिंदी के प्रयोग के लिए वर्ष 2024-25 का वार्षिक कार्यक्रम
24.	सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली शाखाएं एवं लक्ष्यों की प्राप्ति वर्ष 2023-24 में

आप सभी प्रबुद्ध पाठकों से विनम्र अनुरोध हैं की पत्रिका के इस अंक के बारे में अपनी प्रतिक्रियाएं एवं बहुमूल्य सुझाव दें जिससे आगामी अंक को और अधिक रोचक, ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं आकर्षक बनाया जा सके। साथ ही अनुरोध हैं की बैंकिंग और बीमा क्षेत्र की सूचनाएं/ज्ञानवर्धक आलेख, अपनी सृजनात्मक रचनाएं, रोचक जानकारियां आदि प्रकाशनार्थ हमें भेजें और इस पत्रिका को उपयोगी बनाने में हमारा सहयोग करे। आप अपने लेख, कविता, गीत, आदि भी भेज सकते हैं। चयनित प्रविष्ठियों को नाम सहित प्रकाशित किया जायेगा। किसी भी प्रविष्ठी के चयनित होने या न होने के अंतिम निर्णय का अधिकार संपादक मंडल के पास सुरक्षित रहेगा। इस पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं की मौलिकता एवं किसी अन्य विवाद के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी हैं।

अंचल प्रमुख का संदेश

प्रिय अजमेर यूकोजन,

यह बहुत प्रसन्नता का विषय है कि यूको बैंक अंचल कार्यालय अजमेर के तत्वाधान में राजभाषा विभाग अजमेर द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक पत्रिका "अजयमेरु कीर्ति" का प्रकाशन किया जा रहा है।

भाषा मनुष्य के भावों एवं विचारों को व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है और यही कारण है कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास की मूल प्रेरक शक्ति के रूप में भाषा का अपना प्रभाव है। भाषा का उत्तरोतर विकास एवं उत्कृष्टता कि ओर अग्रसर होना मानव सभ्यता के क्रमिक विकास को दर्शाता है और यही विकास समाज को संस्कृति के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाता है। भारत के संदर्भ में हिंदी भाषा ने संस्कृति के विकास और विस्तार में अभूतपूर्व भूमिका का निर्वहन किया है। यही कारण है कि विश्व के अनेक देश आज भारतीय संस्कृति और भाषा के प्रति आदर भाव रखते हैं। विगत कुछ वर्षों में केन्द्रीय और राज्यों की सरकारों ने राजभाषा को बढ़ावा देने के लिये उल्लेखनीय कार्य किये हैं। नवीन शिक्षा नीति-2020 द्वारा मातृभाषा में शिक्षा की व्यवस्था से अपनी भाषा में चिंतन को बढ़ावा मिला है जो राष्ट्र के विकास में अमूल्य योगदान दे सकेगा। यूको बैंक के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी के विकास क्रम को आगे बढ़ातें हुए अनेक कार्य किये जा रहे हैं और समय-समय पर हिंदी भाषा से जुड़े कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित करवा कर राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि राजभाषा की हमारी पत्रिका "अजयमेरू कीर्ति" इसी प्रकार अपने उदेश्यों को प्राप्त करती रहेगी और राजभाषा हिंदी के संवर्धन की दिशा में गतिशील रहेगी। इन्हीं सब के साथ आपको यूको बैंक अंचल कार्यालय अजमेर कि ओर से नव वित्तीय वर्ष 2024-25 कि हार्दिक शुभकामनाएं ।

महेश मौंदेकर

महेश ह. मौंदेकर
अंचल प्रबंधक

उप अंचल प्रमुख का मार्गदर्शन



यह बहुत हर्ष और गर्व की बात है की अंचल कार्यालय अजमेर के राजभाषा विभाग के द्वारा हर वित्तीय वर्ष की भांति वित्तीय वर्ष **2023-24** की वार्षिक पत्रिका "अजयमेरु कीर्ति" का प्रकाशन किया जा रहा है।

वास्तव में हिंदी पूरे भारत में सबसे अधिक प्रयोग की जाने वाली भाषा है, इसलिए शिक्षण अध्यापन और अध्ययन के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में भी कार्य कर रही है। देखा जाए तो सरकारी बैंकों और विभागों में ज़्यादातर ग्राहक और जनता ग्रामीण परिवेश से आते हैं और उनका कार्य हिंदी भाषा के बिना पूर्ण नही हो सकता है, क्योकि हिंदी भाषा उनकी मातृ भाषा है। यह इस बात का द्योतक है कि आने वाले समय में देश में हिंदी भाषा की प्रासंगिकता कितनी है। इस पत्रिका के माध्यम से हम सभी को ये संदेश देना चाहते है कि हमें हिंदी भाषा के महत्व को समझना होगा और दैनिक जीवन में उपयोग में लाना होगा।

इन्हीं सब के साथ आपको यूको बैंक अंचल कार्यालय अजमेर की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 की हार्दिक शुभकामनाएं ।

दुली चन्द रेगर
उप अंचल प्रमुख

यूको बैंक अजमेर अंचल द्वारा महिला जागृति मंच, अजमेर के शिविर में वित्तीय साक्षरता संबंधी सत्र

महिला जागृति मंच, अजमेर द्वारा दिनांक 17.06.2023 को पंचशील नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में चलाई जा रही बहुउद्देशीय कार्यशाला के पांचवे दिन यूको बैंक अजमेर अंचल कार्यालय द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता संबंधी सत्र लिया गया। सत्र के दौरान सुश्री नम्रता सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक यूको बैंक अजमेर एवं सुश्री प्रियंका निचानी, प्रबंधक, यूको बैंक अजमेर द्वारा ग्राहकों को बैंक में बचत खाता खोलने से लेकर सुकन्या समृद्धि योजना, एम बैंकिंग, ई बैंकिंग आदि के लाभों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर महिलाओं के लिए खेलों का आयोजन भी किया गया एवं विजयी प्रतिभागियों को यूको बैंक की ओर से पुरस्कृत भी किया गया।

विशाल जन सुरक्षा शिविर - दिनांक 17.06.2023

दिनांक 17.06.2023 को अजमेर अंचल द्वारा मेड़ता सिटी में मेड़ता सिटी एवं समीपवर्ती शाखाओं द्वारा सामूहिक रूप से विशाल जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में विशेष रूप से श्री पी.के.जैन महाप्रबंधक, सामान्य प्रशासन विभाग, यूको बैंक, प्रधान कार्यालय, कोलकाता ने भाग लिया साथ ही श्री महेश ह. मौंदेकर अंचल प्रमुख, यूको बैंक, अंचल कार्यालय अजमेर श्री कमल शर्मा उप अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय अजमेर एवं संबंधित शाखाओं के शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।इस अवसर पर लगभग 400 लोगों द्वारा भाग लिया गया।

संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री पी.के.जैन ने सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं जैसे सोशल सिक्योरिटी स्कीम, पी.एम.जे.जे.वाई, पी.एम.एस.बी.वाई एवं ए.पी.वाई आदि के बारे में चर्चा की साथ ही जन समुदाय से अपील की, कि वे इन योजनाओं से जुड़कर इनका लाभ उठाएं व अधिकाधिक लोगों को इन योजनाओं की सुविधाओं व उससे होने वाले लाभ आदि के बारे में जानकारी प्रदान करें।

इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा अपने द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया।

विभिन्न व्यावसायिक प्रतिनिधियों (Business correspondent) द्वारा भी इस अवसर पर माइक्रो एटीएम मशीन के साथ भिन्न प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान की गईं।

दैनिक भास्कर

अजमेर 22-06-2023

यूको बैंक : ध्यान योग पर परिचर्चा की

यूको बैंक अंचल कार्यालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शिविर लगाया गया। कार्यालय सभागार में शिविर का उद्घाटन अंचल प्रबंधक महेश मौंदेकर ने किया। इस शिविर का लाभ निसंदेह सभी स्टाफ सदस्यों ने प्राप्त किया। मेडिटेशन केंद्र से आए प्रतिनिधियों ने ध्यान योग के विषय मे परिचर्चा की।

दिनांक 21.06.2023 को यूको बैंक अंचल कार्यालय, अजमेर द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ध्यान योग (मेंडिटिएशन) शिविर का आयोजन किया गया। यूको बैंक अंचल कार्यालय, अजमेर के सभागार में सायं 5.00 बजे से उक्त शिविर का उद्घाटन अंचल प्रबंधक श्री महेश मौंदेकर द्वारा किया गया। उक्त शिविर हेतु हार्टफुलनेस मेंडिटिएशन सेंटर के अजमेर केंद्र से श्री नितेंद्र उपाध्याय एवं सिस्टर अमिन्दर मैक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया । अंचल प्रबंधक श्री महेश मौंदेकर द्वारा बताया गया कि आज के समय में इतनी व्यस्त जीवन शैली एवं विभिन्न प्रकारों की चुनौतियों का सामना करने के लिए ध्यान योग अत्यंत उपयोगी है और आज के इस शिविर का लाभ निसंदेह सभी स्टाफ सदस्यों को प्राप्त होगा।

मेंडिटेशन केंद्र से आए प्रतिनिधियों द्वारा ध्यान योग के विषय में विस्तार पूर्वक परिचर्चा करते हुए इसकी महत्ता, इसके लाभ एवं आज के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी उपयोगिता व अनिवार्यता के बारे में प्रकाश डाला एवं ध्यान योग संबंधी जानकारी, प्रक्रिया आदि की जानकारी भी प्रदान की गई।

अंचल कार्यालय अजमेर - आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस का आयोजन

आज़ादी की 77 वी वर्षगांठ पर अंचल प्रमुख श्री महेश ह. मोदेकर ने सभी को सम्बोधित करते हुये कहा कि हम सभी एक ऐसी संस्था में कार्य कर रहे हैं जहॉ से हम देश के उस गरीब तबके को बैंकिंग नियमों में रहते हुये उनकी सहायता कि जा सकती हैं। इस अवसर पर श्री कमल शर्मा उप अंचल प्रमुख द्वारा सभी को शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने अनुरोध व्यक्त करते हुए कहा कि इस महापर्व से सभी जुड़ें और इस महोत्सव को सार्थक करें। सेवानिवृत पूर्व अंचल प्रमुख श्री उमेश कुमार गर्ग ने भी स्वतंत्रता दिवस कि शुभकामनाएं दी और सभी से आग्रह किया कि हमारे द्वारा बैंक में किया गया हर एक कार्य देश कि उन्नति और प्रगति में सहायक होगा ।

हमने बहुत प्रगति कर ली है, किंतु हम अभी भी विकासशील के पथ पर ही हैं विकसित होने के लिए हमें एकजुट होना होगा और सबसे पहले तो अपने स्वदेश के प्रति वही प्यार और एहसास जगाना होगा जो पहले था।

अजमेर अंचल कार्यालय व शाखाओं के विभिन्न स्टाफ सदस्यों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए साथ ही इस अवसर पर रचनात्मक गतिविधियों जैसे गीत व काव्य प्रस्तुतियां भी स्टाफ द्वारा दी गई। एक नई पहल करते हुए सेवानिवृत सदस्यों को भी इस समारोह से जोड़ा गया उन्होंने इस अवसर पर हर्ष व आभार व्यक्त करते हुए अपने भावों की सुंदर अभिव्यक्ति दी।

भारतीय भाषा सौहार्द स्वरूप, हिंदी दिवस का आयोजन

दिनांक 14.09.2023 को यूको बैंक अंचल कार्यालय, अजमेर द्वारा अंचल कार्यालय अजमेर के खाइलैण्ड मार्केट, आगरा रोड स्थित सभागार में भारतीय भाषा सौहार्द स्वरूप – हिंदी सप्ताह का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर अंचल प्रमुख श्री महेश ह. मौदेकर ने सभी सदस्यों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं सहित आग्रह किया की हम सब को मिलकर हिंदी में अधिकाधिक कार्य करके भारत सरकार के लक्ष्यों को प्राप्त करना हैं, ताकि जन-जन तक बैंकिंग सेवाएं पहुँच सके। हिंदी पखवाड़े में अंचल कार्यालय स्तर और क्षेत्राधिकार की सभी शाखाओं में विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

हिंदी हमारी भाषा हैं, हिंदी हमारी भाषा हैं,

हिंदी हमारा गौरव हैं,

हिंदी हमारी शान हैं,

हिंदी हमारी संस्कृति हैं,

हिंदी हमारा यश हैं,

इस पर हमें अभिमान हैं,

हिंदी हमारी भाषा हैं, हिंदी हमारी भाषा हैं।

यूको बैंक
UCO BANK

यूको बैंक
UCO BANK

विशाल स्वयं सहायता समूह ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन

स्वयं सहायता समूह को 1.80 करोड़ के ऋण किए वितरण

हरसौर @ समाचार अपनादेश.

शुक्रवार को कस्बे के आईटी केंद्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत यूको बैंक की ओर से ऋण वितरित कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रधान जसवंत सिंह थाटा एवं उप अंचल प्रमुख अनिता रानी ने 30 स्वयं सहायता समूहों को 1.80 करोड़ के ऋण वितरित किए। इस मौके पर प्रधान थाटा ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना जरूरी है। एक औरत सफल होती है तो वह परिवार, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में योगदान देती हैं। अनिता रानी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह एक समृद्ध राजस्थान बनने की दिशा में कदम है। सरकार द्वारा लागू की योजनाओं का धरातल पर संचालन समूह के माध्यम से ही संभव है। जीवन सुरक्षा एवं ज्योति जीवन के माध्यम से आमजन लाभ उठाएं। ज्यादा से ज्यादा समूह बनाकर महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। मंच संचालन विजय सिंह लुनियास ने किया।ये रहे मौजूद-कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक राजेंद्र सैनी, अग्रणी बैंक प्रबंधक जीवन ज्योति, वरिष्ठ प्रबंधक दिलीप कुमार, शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र प्रसाद, राजीविका के कपिल जांगिड़, कलस्टर प्रभारी रेणु राठौड़, मधु कंवर, देवाराम ग्वाला, रामदेव प्रजापत, विशाखा राठौड़ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं बने आत्मनिर्भर-थाटा

स्मार्ट हलचल/ हरसौर

शुक्रवार को कस्बे के आईटी केंद्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत यूको बैंक की ओर से ऋण वितरित कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रधान जसवंत सिंह थाटा एवं उप अंचल प्रमुख अनिता रानी ने 30 स्वयं सहायता समूहों को 1.80 करोड़ के ऋण वितरित किए। इस मौके पर प्रधान थाटा ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना जरूरी है। एक औरत सफल होती है तो वह परिवार, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में योगदान देती हैं। अनिता रानी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह एक समृद्ध राजस्थान बनने की दिशा में कदम है। सरकार द्वारा लागू की योजनाओं का धरातल पर संचालन समूह के माध्यम से ही संभव है। जीवन सुरक्षा एवं ज्योति जीवन के माध्यम से आमजन लाभ उठाएं। ज्यादा से ज्यादा समूह बनाकर महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। मंच संचालन विजय सिंह लुनियास ने किया।

ये रहे मौजूद-कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक राजेंद्र सैनी, अग्रणी बैंक प्रबंधक जीवन ज्योति, वरिष्ठ प्रबंधक दिलीप कुमार, शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र प्रसाद, राजीविका के कपिल जागिड़, कलस्टर प्रभारी रेणु राठौड़, मधु कंवर, देवाराम ग्वाला, रामदेव प्रजापत, विशाखा राठौड़ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर की अर्द्धवार्षिक बैठक

बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर की अर्द्धवार्षिक बैठक दिनांक 08.11.2023 को सायं 05.00 बजे अजमेर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री महेश ह. मौंदेकर, अध्यक्ष बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर एवं अंचल प्रबंधक यूको बैंक अंचल कार्यालय, अजमेर द्वारा की गई। विशेष रूप से श्री नरेंद्र सिंह मेहरा, सहायक निदेशक राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय – 1, दिल्ली उपस्थित रहे। बैठक में सदस्य बैंकों एवं बीमा कंपनियों के कार्यपालक गण एवं सदस्य गणों द्वारा भाग लिया गया।

अध्यक्ष श्री महेश ह. मौदेकर ने बताया कि हमारे क्षेत्र के कार्यालय राजभाषा के 'क' क्षेत्र में आते हैं और हमें शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करना है और राजभाषा विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्यों को अर्जित करना है। बैठक में नराकास सचिव जितेन्द्र कुमार कुंदरेशा ने समिति की गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में चर्चा की और बताया कि वर्ष 2021-22 का नराकास के उत्तरी क्षेत्र का प्रथम पुरस्कार हमारे बैंक नराकास अजमेर को मिला है इसके लिए सभी कार्यपालक गणों का धन्यवाद और आभार प्रकट किया और उनसे आगे इसी प्रकार के सहयोग और भागीदारी की अपेक्षा की। बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक श्री जनक लाल मीणा ने नराकास द्वारा हिन्दी के क्षेत्र मे किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की और उन्होने सभी कार्यपालकगणों और राजभाषा अधिकारियों से हिन्दी मे कार्य के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने की अपील की। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक श्री सिकंदर आजम अजमेर ने नराकास के प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि हमारे बैंक में राजभाषा की स्थिति बेहतर है नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं।

श्री रामधन डडवारिया राजभाषा अधिकारी भारतीय जीवन बीमा निगम और सुश्री मनीषा पांडे राजभाषा अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा ने राजभाषा के नियम और तकनीकी पर पावरपॉइंट प्रस्तुतिकरण देकर सभी को हिंदी के प्रयोग के बारे में महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक निदेशक महोदय द्वारा सभी सदस्य बैंको व बीमा कंपनियों के राजभाषा संबन्धी कार्यान्वयन की विस्तार और छ:माही रिपोर्ट की समीक्षा की गई तथा खुशी व्यक्त की कि सभी कार्यालयों के द्वारा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है जो प्रशंसनीय हैं। श्री मेहरा ने बैंक नराकास, अजमेर के श्रेष्ठ कार्य निष्पादन की सराहा की साथ ही वर्ष 2021-22 का राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा "क" क्षेत्र का प्रथम पुरस्कार बैंक नराकास अजमेर को प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई दी ।

हिन्दी पखवाड़े पर नराकास के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया। अन्य कार्यपालक गण एवं सदस्यों द्वारा भी अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किए गए।

जन जन की भाषा हैं

" हिन्दी "

“ गौरवपूर्ण पल ”

अंचल कार्यालय अजमेर, बैंक नराकास अजमेर का संयोजक हैं, और वर्तमान में इसके कुल 19 सदस्य कार्यालय हैं। 28.12.2023 को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर (राज.) के श्री ज्ञान चंद घोष लेक्चर हॉल में उत्तरी क्षेत्र 1 एवं 2 हेतु संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यपाल राजस्थान श्री कलराज मिश्र उपस्थित रहे। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए उत्तरी क्षेत्र-1 के अंतर्गत बैंक नराकास अजमेर को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अंचल कार्यालय अजमेर की और से मुख्य प्रबन्धक श्री राजेंद्र कुमार सैनी ने शील्ड पुरस्कार ग्रहण किया और वरिष्ठ प्रबन्धक सुश्री नम्रता सिंह ने प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन

"भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें।"

दैनिक भास्कर
अजमेर 02-11-2023

मार्केट अपडेट

यूको बैंकः सतर्कता सप्ताह में वाहन रैली निकाली

अजमेर। यूको बैंक अजमेर अंचल कार्यालय की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत वाहन रैली और वॉकथन का आयोजन किया तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। रैली का आयोजन बजरंगगढ़ मंदिर से आना सागर झील तक किया गया। इस आयोजन में अंचल कार्यालय की ओर से विभिन्न गतिविधियों के साथ सतर्कता जागरूकता वॉकेथन का आयोजन भी किया। यूको बैंक अंचल कार्यालय अजमेर, पुरानी मंडी अजमेर शाखा, स्टेशन रोड शाखा व अन्य स्थानीय शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने इस वाहन रैली और वॉकिथन में भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से महेश ह. मौंदेकर अंचल प्रमुख, अनीता रानी उप अंचल प्रमुख व अन्य कार्यपालक और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सतर्कता जागरूकता से संबंधित बैनर व स्टैंडी के प्रदर्शन के साथ समस्त स्टाफ ने वाहन रैली निकाली। इस दौरान भ्रष्टाचार के प्रति सतर्कता व जागरूकता संबंधी पेम्प्लेट का वितरित किए। इस अवसर पर अंचल प्रमुख महेश ह. मौंदेकर ने अंचल और शाखा कार्यालय से सम्मिलित सदस्यों से भ्रष्टाचार के प्रति सतर्कता जागरूकता बरतने की अपील की है। उप अंचल प्रमुख अनीता रानी ने आग्रह किया कि वे अपने अन्य साथियों को भी जागरूक करें कि वे भ्रष्टाचार के प्रति सतर्क व सचेत रहकर बैंक को और देश

यूको बैंक द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह में वाहन रैली और वॉकथन का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। यूको बैंक मुख्य शाखा उदयपुर और अंबामाता शाखा उदयपुर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत वॉकथन का रविवार को आयोजन किया गया तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। वॉकथन का आयोजन फतेह सागर झील के पाल पर किया गया।

यूको बैंक मुख्य शाखा उदयपुर, अंबामाता शाखा उदयपुर एवं अन्य स्थानीय शाखाओं के स्टॉफ सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्वक इस वॉकेथन में भाग लिया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से अभिनव बुरड़ मुख्य प्रबन्धक उदयपुर मुख्य शाखा, आशीष बाहेती मुख्य प्रबन्धक अंबामाता शाखा, रोहित अजमेरा मुख्य प्रबन्धक खुदरा त्रष्टा केंद्र उदयपुर एवं अन्य शाखाओं के कार्यपालक गण एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सतर्कता जागरूकता से संबंधित बैनर व स्टैंडी के प्रदर्शन के साथ

समस्त स्टॉफ भ्रष्टाचार के प्रतिसतर्कता एवं जागरूकता संबंधी पेम्प्लेट आम जन में वितरित की गई और जागरूकता के बारे में संदेश दिया गया। मुख्य प्रबन्धक अभिनव बुरड़ ने स्थानीय लोगो को संदेश दिया की हमें ना तो भ्रष्टाचार करना हैं और ना ही किसी को भ्रष्टाचार करने देना हैं, ये हमारा कर्तव्य होना चाहिए।

इस अवसर पर अंबामाता शाखा उदयपुर के मुख्य प्रबन्धक आशीष बाहेती ने विशेष रूप से सभी शाखा कार्यालय से सम्मिलित हुए सदस्यों से भ्रष्टाचार के प्रतिसतर्कता जागरूकता बरतने की अपील की। भ्रष्टाचार मुक्त देश हमारे भारत शासन सरकार का उदेश्य हैं उसे हम सभी को मिल कर पूरा करना हैं। खुदरा त्रष्टा केंद्र उदयपुर के मुख्य प्रबन्धक रोहित अजमेरा ने सभी से आग्रह किया कि वे अपने अन्य साथियों को भी जागरूक करें कि वे भ्रष्टाचार के प्रतिसतर्क व सचेत रहकर यूको बैंक को और देश को अपनी श्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करें।

यूको बैंक ने मनाया 82 वां स्थापना दिवस

दिनांक 06.01.2024 को यूको बैंक के 82 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अजमेर अंचल कार्यालय एवं समीपवर्ती शाखाओं के स्टाफ सदस्यों द्वारा अंचल कार्यालय अजमेर से लेकर पुरानी मंडी शाखा तक वॉकथन का आयोजन किया गया तथा इसी दौरान अंचल प्रमुख महोदय श्री महेश ह. मौदेकर, उप अंचल प्रमुख महोदया सुश्री अनीता रानी, मुख्य प्रबन्धक महोदय श्री जयप्रकाश झांझड़िया, श्री राजेंद्र कुमार सैनी और श्री नारायण लाल भाटी ने ग्राहकों से भेट भी की। सभी अजमेर यूकोजन व सेवानिवृत सदस्यों द्वारा उक्त वॉकथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

अजमेर अंचल के अन्य केंद्र जैसे कोटा, नागौर, उदयपुर आदि में भी विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शाखाओं में विशेष साज सज्जा की गई और ग्राहकों को श्रेष्ठ सेवाएं देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अंचल प्रबंधक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक बैंकर को प्रोफेशनल होना चाहिए साथ ही समर्पित भी । एक अच्छे बैंकर की यही पहचान है कि वह पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं लगन से ग्राहक सेवा की भावना को सर्वोपरि रखकर कार्य करें ।

इस अवसर यूको बैंक अंचल कार्यालय और डीएवी शाखा मे स्वास्थ्य जांच सहित मित्तल अस्पताल के सहयोग से “रक्त दान शिविर” का आयोजन किया गया। इसी क्रम मे श्री नगर रोड शाखा, बासनी, उदयपुर मुख्य और केकड़ी शाखाओं में भी स्वास्थ्य जांच केंद्र लगाया गया। सुमेरपुर शाखा द्वारा भी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत रिद्धी सिद्धि सेवा संस्था को वॉटर कूलर प्रदान किया गया जिस से ग्राहक लाभान्वित हुए और बैंक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अंचल कार्यालय ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत मिनी मनु संस्थान द्वारा विशेष आवश्यकता वाले और विमन्दित बच्चों के लिए संचालित विद्यालय “अद्वित” में बच्चों को टेबल भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सभी शाखाओं में बैंक के संस्थापक श्री जी.डी. बिरला जी का माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं अंचल प्रमुख महोदय श्री महेश ह. मौदेकर अजमेर अंचल कार्यालय के द्वारा सभी ग्राहकों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

उदयपुर क्षेत्र की शाखाओं ने मनाया स्थापना दिवस

06.01.2024 को यूको बैंक मुख्य शाखा उदयपुर और अंबामाता शाखा उदयपुर के द्वारा यूको बैंक के 82 वे स्थापना दिवस पर अंतर्गत वॉकथन का आयोजन सुबह 7.00 बजे से 8.00 बजे तक फतेह सागर झील के पाल पर किया गया। यूको बैंक मुख्य शाखा उदयपुर, अंबामाता शाखा उदयपुर एवं अन्य स्थानीय शाखाओं के स्टॉफ सदस्यों द्वारा उत्साहपूर्वक इस वॉकेथन में भाग लिया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री अभिनव बुरड़, मुख्य प्रबन्धक उदयपुर मुख्य शाखा, श्री आशीष बाहेती, मुख्य प्रबन्धक अंबामाता शाखा, श्री रोहित अजमेरा मुख्य प्रबन्धक, खुदरा ऋण केंद्र उदयपुर एवं अन्य शाखाओं के कार्यपालक गण एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

यूको बैंक 82 वे स्थापना दिवस से संबंधित बैनर व स्टैंडी के प्रदर्शन के साथ समस्त स्टॉफ ने “बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ” के बारे में संदेश दिया गया। मुख्य प्रबन्धक श्री अभिनव बुरड़ ने स्थानीय लोगो को संदेश दिया की यूको बैंक ने बैंकिंग क्षेत्र में 81 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण की हैं और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के रूप में हर तबके और देश के आर्थिक विकास में योगदान दिया हैं और आगे भी पूरी दृढ़निश्चता से देते रहेंगे।

इस अवसर पर उदयपुर मुख्य शाखा के द्वारा शाखा परिसर में नि:शुल्क आखों की और स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया तथा “आश्रय” अनाथ आश्रम में कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी के तहत बैंक के द्वारा आवशयक वस्तुएं भेंट की गई।

अंचल कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

यूको बैंक अंचल कार्यालय अजमेर द्वारा दिनांक 08.03.2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अंचल कार्यालय सभागार में सायं 5.30 बजे से समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डा. ज्योति गजरानी, विभागाध्यक्ष कम्प्युटर साइंस एंड इंजीनीयरिंग, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, अजमेर को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर अंचल कार्यालय अजमेर, अजमेर शहर स्थित एवं अजमेर शहर की नजदीकी शाखाओं से सभी महिला स्टाफ सदस्यों को आमंत्रित किया गया। विशेष रूप से सेवानिवृत महिला बैंककर्मी एवं सेवानिवृत स्टाफ सदस्यों के परिवार की महिला सदस्यों को इस अवसर पर आमंत्रित किया गया।

श्री महेश ह. मौदेकर, अंचल प्रमुख अजमेर ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि कि आज की नारी हर क्षेत्र में अग्रणी है और जीवन के हर क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है। श्री मौदेकर ने बताया कि प्रधान कार्यालय द्वारा वर्तमान में रिटेल एवं एमएसएमई इकाइयों के लिए विभिन्न कैंपेन चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला दिवस के अवसर पर यूको बैंक के अजमेर अंचल की विभिन्न शाखाओं द्वारा महिला उद्यमियों को सम्मनित किया गया और महिला उद्यमियों को ऋण भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न शाखा परिसर में महिला उद्यमियों व महिला ग्राहकों हेतु विशेष रूप से सेल्फी प्वाइंट भी लगाए गए।

मुख्य अतिथि डा. ज्योति गजरानी जी द्वारा अपने मार्गदर्शी संबोधन में महिला विकास व समसामयिक काल में महिलाओं की स्थिति, प्रगति पर अत्यंत सारगर्भित व रूचिपूर्ण उद्बोधन दिया गया। अंत में श्री राजेंद्र कुमार सैनी, मुख्य प्रबंधक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

"मैं एक समुदाय की प्रगति को उस प्रगति की डिग्री से मापता हूं जो महिलायों ने हासिल की हैं।"

– डॉ. भीमराव अंबेडकर

हिंदी: एक पहचान

जय प्रकाश झाझड़िया
मुख्य प्रबन्धक
अंचल कार्यालय, अजमेर

किसी भी देश की पहचान उस देश की भाषा और संस्कृति से होती है, जिसकी छांव में उस देश के लोग पले बढ़े होते हैं। संस्कृतियां और भाषाएं दोनों एक-दूसरे की वाहक होती हैं। इनके बिना मनुष्य जीवन अधूरा है। एक संस्कृति, एक देश और एकता की परिकल्पना भाषा ही हमें सिखाती है। हिंदी हमारे इतिहास, समाज, जीवन मूल्यों, संस्कृति, संस्कारों से जुड़ी धरोहर की सच्ची संवाहक, संप्रेषक एवं परिचायक है। यह राष्ट्रीय अस्मिता का भारतीय साहित्य एवं संस्कृति को वैश्विक स्तर प्रचारित पर एवं प्रसारित करने में अतुलनीय योगदान दिया है और निरंतर इस दिशा में प्रयत्नशील है। हमें विकास के पथ पर हिंदी के साथ आगे बढ़ना है। हिंदी के संवर्धन में ही भारतीय कला, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता निहित है। हिंदी भाषा के बिना भारत और भारतीयता अधूरी है। 'ह' से हिंदी और 'ह' से ही 'हिंदुस्तान' तभी तो हमारे देश के महान मशहूर शायर इकबाल ने लिखा है, 'हिंदी हैं हम वतन हैं हिन्दोस्तां हमारा।"

आज वैश्विक स्तर पर यह सिद्ध हो चुका है कि हिंदी भाषा अपनी लिपि एवं उच्चारण की दृष्टि से सबसे शुद्ध और विज्ञान सम्मत भाषा है। वैश्वीकरण के दौर में हिंदी जन भाषा, संपर्क भाषा, राजभाषा और वैश्विक भाषा के रूप में अग्रसर है। नेताओं, अभिनेताओं, व्यापारियों और उद्योगपतियों का एक बड़ा तबका, जो कल तक हिंदी से परहेज करता था, आज उसकी तरफ उन्मुख है। इसी कारण भाषाओं के विलुप्तीकरण के दौर में हिंदी न केवल अपने को बचाने में सफल रही है, बल्कि इसका उपयोग-अनुप्रयोग निरंतर बढ़ता रहा। हिंदी बहती नदी के समान है, उसे किसी भी तरह का बंधन या मानक रोक नहीं सकता है।

आज भारत से बाहर विश्व परिदृश्य में हिंदी विकसित होती प्रतीत हो रही है। कभी लोग विदेश में जाकर हिंदी बोलने से हिचकिचाते थे, लेकिन अब स्थिति काफी बदल चुकी है। अब हिंदी जानना-समझना भारत से बाहर भी एक व्यावसायिक आवश्यकता बनती जा रही है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की विश्व पटल पर बहुआयामी प्रासंगिकता है। उसे बोलने और समझने में किसी को परेशानी नहीं होती है। दुनियाभर के लोग हिंदी की स्वाभाविकता, सरलता, सद्भावना और हृदयस्पर्शी विश्व मानव की एकता की भावनात्मक संस्कृति से प्रभावित हैं। हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता दुनिया भर में हमें सम्मान दिलाती है। यह हमारे सम्मान, स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हर मुश्किल में नमस्ते, वसुधैव कुटुंबकम व स्वागतम की संस्कृति भारत की रही है। लक्ष्मीमल सिंघवी ने कहा कि 'हिंदी विश्व के कोटि-कोटि जन गण का कंठ स्वर है उनकी पहचान है, अंतरराष्ट्रीय संबंधों का सेतु है।" हिंदी किसी भी भाषा के शब्दों को बिना किसी भेदभाव के अपना लेती है। इसी समावेशिता के कारण हिंदी वैश्विक परिदृश्य में अपनी जगह बना रही है। हिंदी भारत में सर्वाधिक 65 फीसदी लोगों द्वारा बोली व समझी जाती है और पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीब सौ करोड़ है। इतना ही नहीं आज हिंदी न केवल विश्व के

करीब 175 देशों में बिना किसी संकोच के पढ़ी-लिखी और बोली जाती है वरन विश्व के लगभग 180 विश्वविद्यालयों, 75 छोटे-बड़े केन्द्रों में पढ़ी और पढ़ाई जा रही है। अमेरिका व मॉरीशस के कई विश्वविद्यालयों में पी.एच.डी. तक का शोध कार्य हिंदी में हो रहा है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी हिंदी में याचिका स्वीकार करना प्रारंभ किया है। देश के प्रतिष्ठित प्रोद्योगिकी संस्थानों आईआईटी, एनआईटी आदि में भी हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़ाई प्रारंभ हुई है। दिसंबर 2016 में विश्व आर्थिक मंच ने दस सर्वाधिक शक्तिशाली भाषाओं की जो सूची जारी की है, उसमें हिंदी भी एक है। बहादुरशाह जफर के नाम से एक शेर प्रसिद्ध है 'हिंदियों में बू रहेगी जब तलक ईमान की, तख्ते लंदन तक चलेगी तेग हिंदुस्तान की।

वर्तमान वैश्विक परिवेश में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा हिंदी के उन्नयन की ओर संकेत कर रही है। आज भारत ही नहीं विश्व के किसी भी कोने में जाएं तो हिंदी की लोकप्रियता स्वतः परिलक्षित हो जाएगी। यह कहने में कोई संशय नहीं होना चाहिए कि अब हिंदी की लोकप्रियता यूरोपीय महाद्वीप से लेकर अमेरिका तक एवं संपूर्ण दक्षिण-पूर्वी एशिया के सभी देशों में निरंतर बढ़ रही हैं। हिंदी अब पड़ोसी देशों में ही नहीं बल्कि सुदूर कैरेबियाई राष्ट्रों तक भी फैल चुकी है।

हिंदी को संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाने के दावे को मजबूत करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 1975 से 'विश्व हिंदी सम्मेलन' मनाने की शुरुआत की थी। इस परंपरा को जारी रखते हुए भारत सरकार द्वारा विदेशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा हैं। तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की पहल पर राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के सहयोग से पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 से 14 जनवरी, 1975 तक नागपुर में आयोजित किया गया था । बाहरवां विश्व हिंदी सम्मेलन 10 से 17 फरवरी 2023 तक फिजी में आयजित किया गया था । तेहरवां विश्व हिंदी सम्मेलन 2 फरवरी 2024 से 9 फरवरी तक बाली (इंडोनेशिया) में आयोजित किया गया था।

भारतीय संस्कारों को पुष्पित-पल्लवित करने के लिए आवश्यक है कि हिंदी का प्रयोग हर स्तर पर बढ़े। हिंदी को भारत की शान बनाने और उच्च कोटि का दर्जा देने के लिए आमजन और सरकार को साथ मिलकर प्रयास करने होंगे। आमजन को भी अपनी मातृभाषा के साथ हिंदी का भी अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए। हिंदी का प्रचार-प्रसार करना हर भारतीय का परम कर्तव्य है। सरकार को चाहिए कि कार्यालयीन कार्य में भी हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए सभी को प्रतिबद्ध करें।

आज हिंदी ने वैश्विक प्रसार एवं परिदृश्य में उच्च प्रौद्योगिकी एवं संचार माध्यमों की मदद से अनूठी पहचान बनाई भारत के साथ पूरे विश्व को जोड़ने में हिंदी भाषा एक कड़ी का कार्य कर रही है। यह भी कहा जा सकता है कि विश्व के पटल पर भारतीय संस्कृति की छाप छोड़ने में हिंदी भाषा का योगदान अद्वितीय है। एक दिन विश्व फलक पर हिंदी का परचम अवश्य लहरायेगा और हिंदी अपने गौरवमयी स्थान की अधिकारिणी होगी। हिंदी का भविष्य बहुत उज्ज्वल है क्योंकि वर्तमान चमक रहा है। अब वह दिन दूर नहीं लगता जब हिंदी विश्व की भाषा बन चहुंमुखी विकास करेगी।

बैंकों में ऋण निगरानी: एक आवश्यक मानक

राजेंद्र कुमार सैनी
मुख्य प्रबन्धक
अंचल कार्यालय, अजमेर

ऋण निगरानी बैंकिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्य है, जो वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और बैंक के ऋण पोर्टफोलियो की सेहत सुनिश्चित करने में रीढ़ की हड्डी का काम करता है। यह उधारकर्ताओं की वित्तीय गतिविधियों को ट्रैक करने, संकट के शुरुआती संकेतों की पहचान करने, और जोखिमों को कम करने के लिए पूर्वव्यापी उपाय करने की एक प्रणालीगत प्रक्रिया है।

****बैंकों में ऋण निगरानी का महत्व**

1- जोखिम शमन- प्रभावी ऋण निगरानी शुरुआती चेतावनी संकेतों की पहचान करने में मदद करती है, जिससे बैंकों को उधारकर्ता की स्थिति बिगड़ने से पहले सुधारात्मक कार्य करने की अनुमति मिलती है। संभावित चूककर्ताओं का सक्रिय रूप से प्रबंधन करके, बैंक गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (NPAs) को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

2- नियामक अनुपालन- नियामक निकाय बैंकिंग क्षेत्र में वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कठोर ऋण निगरानी को अनिवार्य करते हैं। इन विनियमों का पालन न केवल बैंकों को अनुपालन में रखता है बल्कि हितधारकों और ग्राहकों के बीच विश्वास को भी बढ़ावा देता है।

3- वित्तीय स्वास्थ्य- निरंतर ऋण निगरानी बैंक के समग्र वित्तीय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती है। यह सुनिश्चित करता है कि बैंक का ऋण पोर्टफोलियो गुणवत्ता पूर्ण बना रहे, जिससे सतत विकास और लाभप्रदता का समर्थन होता है।

